संख्या–**cm-01**
**01/01/2021**

# मैथिली के लेखक एवं कवि, समाजवादी पद्मनारायण झा विरंचि के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 01 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मैथिली के लेखक एवं कवि, समाजवादी पद्मनारायण झा विरंचि के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 पद्मनारायण झा विरंचि प्रख्यात समाजवादी एवं मैथिली के लेखक तथा कवि थे। वे 1967 में समाजवादी युवजन सभा के बिहार संयोजक बने थे तथा 1970 में सोशलिस्ट पार्टी के मुखपत्र जनता सप्ताहिक के संपादक बने थे। 1980 में उन्हें डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया था। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक एवं साहित्य के क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******